

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-05 शुक्रवार, दिनांक- 30 जुलाई, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा कटिहार नगर निगम के मेयर की हत्या का मामला उठाया गया तथा आसन से अनुरोध किया गया कि इसका संज्ञान लें ।

आसन द्वारा कहा गया कि यहां सरकार बैठी हुई है ।

तदोपरान्त माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा वर्ष-2018-19 का सी.ए.जी. रिपोर्ट में हुई अनियमित्ता को उजागर करने का मामला उठाया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि सी.ए.जी. की रिपोर्ट जो सदन पटल पर रखी गयी है वह लोक लेखा समिति की विचाराधीन हो गयी है । साथ ही सदन को सूचित किया गया कि आज शुक्रवार का दिन है और आज का दिन भक्ति भाव का है । हमें उनकी भक्ति करनी चाहिए जो हमलोगों को यहां भेजें हैं उनके प्रति समर्पण का भाव दिखाना चाहिए ।

आसन द्वारा सदन को हर्ष के साथ सूचित किया गया कि विधान सभा के लिए आज बहुत ऐतिहासिक दिन है और आप सभी माननीय सदस्य ऐतिहासिक हो रहें हैं क्योंकि सभी माननीय सदस्यों, सरकार की सजगता, संवेदनशीलता और विपक्ष की जागरूकता का ही परिणाम है कि आज के लिए सूचीबद्ध अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों से संबंधित सभी विभागों के शत-प्रतिशत उत्तर ऑनलाईन उपलब्ध हो गयें हैं साथ ही सभी विभागीय माननीय मंत्रिगण को आसन द्वारा हृदय से धन्यवाद दिया गया ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-12 स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।

(iii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iv) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 138 तारांकित प्रश्न अनागत ।

तारांकित प्रश्न संख्या-460 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय मंत्री को निदेश दिया गया कि गलत उत्तर देने के लिए दोषी व्यक्ति से स्पष्टीकरण की मांग करें ।

तारांकित प्रश्न संख्या-464 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा माननीय सदस्यों को कहा गया कि सरकार काम करे तो उसे धन्यवाद भी देना आपका कर्त्तव्य है ।

प्रश्नकाल के दौरान कतिपय माननीय सदस्यों द्वारा ऑनलाईन उत्तर नहीं निकाले जाने की बात कही गयी जिसपर आसन द्वारा कहा गया कि आप सभी माननीय सदस्यों के निजी सहायकों का प्रशिक्षण कराया जायगा जिससे आपको ऑनलाईन उत्तर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ।

[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :-

माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा द्वारा प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा द्वारा अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव के विषय को सदन में रखा गया ।

तदोपरान्त माननीय सदस्य श्री मुरारी प्रसाद गौतम द्वारा पटना में एक छोटा बच्चा जिसका नाम अयांश है को एक दुर्लभ बिमारी हो गयी है जिसके लिए उसे एक टिका लगाना आवश्यक है जिसकी कीमत 16 करोड़ रूपये है । साथ ही सरकार से इस ओर ध्यान आकृष्ट करने का अनुरोध किया गया ।

[3] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

1. माननीय प्रभारी मंत्री सामान्य प्रशासन विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2016-17 का एकादश वार्षिक प्रतिवेदन तथा वर्ष 2017-18 का द्वादश वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।
2. माननीय मंत्री ऊर्जा विभाग श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार स्टेट हाईड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2000-01 से 2009-10 तक का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[4] याचिकाओं का उपस्थापन:-

सभा सचिव द्वारा कुल स्वीकृत 61 याचिकाओं का उपस्थापन सदन में किया गया है ।

[5] शून्यकाल :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री कुन्दन कुमार | (ii) | श्री भीम कुमार सिंह |
| (iii) | श्री मोहम्मद कामरान | (iv) | श्री पवन कुमार जायसवाल |
| (v) | श्री ललन कुमार | (vi) | श्रीमती भागीरथी देवी |
| (vii) | श्री इजहारूल हुसैन | (viii) | श्री सूर्यकान्त पासवान |
| (ix) | श्री समीर कुमार महासेठ | (x) | श्री मिथिलेश कुमार |
| (xi) | श्री मुकेश कुमार यादव | (xii) | श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव |
| (xiii) | श्री सुनील मणि तिवारी | (xiv) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (xv) | श्री ललित नारायण मंडल | (xvi) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (xvii) | श्री राणा रणधीर | (xviii) | श्री अमरजीत कुशवाहा |
| (xix) | श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | (xx) | श्री राकेश कुमार रौशन |
| (xxi) | श्री महा नंद सिंह | (xxii) | श्री रामचन्द्र प्रसाद |
| (xxiii) | श्री संजीव चौरसिया | (xxiv) | श्री मुरारी प्रसाद गौतम |
| (xxv) | श्री रामबली सिंह यादव | (xxvi) | श्री अरूण सिंह |

(xxvii) श्री मुकेश कुमार रौशन
(xxviii) श्री विजय कुमार
(xxix) श्री सत्यदेव राम
(xxx) श्री विनय कुमार
(xxxi) श्री संदीप सौरभ
(xxxii) श्री प्रणव कुमार
(xxxiii) श्री संजय सरावगी
(xxxiv) श्री मो० अनजार नईमी
(xxxv) श्री अजीत कुमार सिंह

आसन द्वारा कहा गया कि आज के लिए सूचीबद्ध शेष शून्यकाल सूचनाओं को समयाभाव के कारण शून्यकाल समिति को सुपुर्द किया जाता है ।

आसन द्वारा माननीय सदस्य श्री ललित नारायण मंडल, श्री राणा रणधीर, श्री अरूण सिंह एवं श्री विजय कुमार को उनके संक्षिप्त शून्यकाल सूचना के लिए धन्यवाद दिया गया ।

[6] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित तथा दिनांक-27 एवं 29 जुलाई 2021 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित तथा दिनांक-27 एवं 29 जुलाई 2021 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा दिया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि समयाभाव के कारण आज के लिए सूचीबद्ध शेष ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के सुपुर्द किया जाता है ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 04.30 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] **गैर सरकारी संकल्प :-**

(1) 01 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।
(2) 62 गैर सरकारी संकल्प वापस ।
(3) 03 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।

गैर सरकारी संकल्प संख्या 24 के निस्तारण के दौरान माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।

तत्पश्चात् आसन द्वारा घोषणा की गयी कि निर्धारित कार्यवाही की समाप्ति तक सदन की सहमति से इसकी अवधि बढ़ायी जाती है ।

गैर सरकारी संकल्प संख्या-58 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।

[8] **अध्यक्ष का समापन भाषण :-**

यथा संलग्न ।

तदुपरान्त सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-30.07.2021

भूदेव राय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।